सरगुजा विश्वविद्यालय

अम्बिकापुर (सरगुजा–छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय अधिनियम क्र. 18/2008 द्वारा स्थापित व निगमित)

पाठ्यक्रम

B. Sc. Part - III

बी.एस.सी. भाग – 3

परीक्षा वर्ष : 2011

कुलसचिव
सरगुजा विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर
छत्तीसगढ़

मूल्य : 25/–

Scanned with CamScanner

आधार पाठ्यक्रम

हिन्दी भाषा

प्रथम प्रश्न पत्र पूर्णांक - 75

(बी.ए., बी.एस.सी., बी.एच.एस-सी., बी.काम., तृतीय वर्ष के पुनरीक्षित एकीकृत आधार पाठ्यक्रम एवं पाठ्य सामग्री का संयोजन 2000-2001 से लागू है)

॥ सम्प्रेषण कौशल, हिन्दी भाषा और सामान्य ज्ञान ॥

आधार पाठ्यक्रम की संरचना और अनिवार्य पाठ्य पुस्तक- हिन्दी भाषा एवं समसामयिकी- का संयोजन इस तरह किया गया है कि सामान्य ज्ञान की विषय वस्तु- विकासशील देशों की समस्याओं- के माध्यम और साथ-साथ हिन्दी भाषा का ज्ञान और उसमें सम्प्रेषण कौशल अर्जित किया जा सके। इसी प्रयोजन से व्याकरण की अन्तर्वस्तु को विविध विधाओं की संकलित रचनाओं और सामान्य ज्ञान की पाठ्य सामग्री के साथ अन्तर्गुम्फित किया गया है। अध्ययन-अध्यापन के लिए पूरी पुस्तक की पाठ्य सामग्री है और अभ्यास के लिये विस्तृत प्रश्नावली है। यह प्रश्नपत्र भाषा का है अतः पाठ्य सामग्री का व्याख्यात्मक या आलोचनात्मक अध्ययन अपेक्षित नहीं है। पाठ्यक्रम और पाठ्य सामग्री का संयोजन निम्नलिखित पाँच इकाइयों में किया जाता है। प्रत्येक इकाई को दो भागों में विभक्त किया गया है।

इकाई - 1 (क) भारत माता : सुमित्रानंदन पंत, परशुराम की प्रतीज्ञा : रामधारी सिंह दिनकर, बहुत बड़ा सवाल : मोहन राकेश, संस्कृति और राष्ट्रीय एकीकरण : योगेश अटल।

(ख) कथन की शैलियाँ : रचनागत उदाहरण और प्रयोग।

इकाई -2 (क) विकासशील देशों की समस्यायें, विकासात्मक पुनर्विचार, और प्रौद्योगिकी एवं नगरीकरण।

(ख) विभिन्न संरचनाएँ।

इकाई - 3 (क) आधुनिक तकनीकी सभ्यता, पर्यावरण प्रदूषण तथा धारणीय विकास।

(ख) कार्यालयीन पत्र और आलेख।

इकाई - 4 (क) जनसंख्या : भारत के संदर्भ में और गरीबी तथा बेरोजगारी।

(ख) अनुवाद।

इकाई - 5 (क) ऊर्जा और शक्तिमानता का अर्थशास्त्र।

(ख) घटनाओं, समारोहों आदि का प्रतिवेदन और विभिन्न प्रकार के निमंत्रण-पत्र।

मूल्यांक योजना : प्रत्येक इकाई से एक-एक प्रश्न पूछा जायेगा। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प होगा। प्रत्येक प्रश्न के 15 अंक होंगे। प्रत्येक इकाई दो-दो खंड (क्रमशः 'क' और 'ख' में) विभक्त है, इसलिए प्रत्येक प्रश्न के भी दो भाग, (क्रमशः 'क' और 'ख') होंगे। 'क' अर्थात पाठ एवं सामान्य ज्ञान से संबद्ध प्रश्न के अंक 8 एवं 'ख' अर्थात भाषा एवं सम्प्रेषण कौशल से संबद्ध प्रश्न के अंक 7 होंगे। इस प्रकार पूरे प्रश्न पत्र के पूर्णांक 75 होंगे।

Scanned with CamScanner